रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 211] नई दिल्ली, मंगलवार, मई 11, 2004/वैशाख 21, 1926
No. 211] NEW DELHI, TUESDAY, MAY 11, 2004/VAISAKHA 21, 1926

वित्त मंत्रालय
(राजस्व विभाग)
अधिसूचना

नई दिल्ली, 11 मई, 2004

सं. 61/2004-सीमा शुल्क (गै. टै.)

सा.का.नि. 305(अ).—सीमा शुल्क अधिनियम 1962(1962 का 52) के अध्याय Xक के साथ पठित धारा 156 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा विशेष आर्थिक जोन नियमावली, 2003 में और आगे संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :-

1. (1) इन नियमों को विशेष आर्थिक जोन(सातवां संशोधन) नियमावली, 2004 कहा जाए।

(2) ये पहली मई, 2004 को लागू होंगे।

2. विशेष आर्थिक जोन नियमावली, 2003 में:-

(क) नियम 2 में:-

(i) खंड (ग) में,"सीमा शुल्क आयुक्त द्वारा दी गई अनुमति" शब्दों के लिए " विशेष आर्थिक जोन (सीमा शुल्क प्रक्रियाएं) नियमावली, 2003 के विनियम 2के खंड (ग) में यथा परिभाषित अनुमोदन बोर्ड द्वारा अनुमोदित" शब्द, कोष्ठक, अक्षर एवं अंक प्रतिस्थापित किए जाएं ।

(ii) खंड (i) के पश्चात् निम्नलिखित खंड प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :-

"(ii) विशेष आर्थिक जोन के संदर्भ में "इकाई अनुमोदन समिति" का अर्थ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में केन्द्रीय सरकार द्वारा सरकारी राजपत्र में यथा अधिसूचित विशेष आर्थिक जोन के लिए स्थापित समिति से है";

(ख) नियम 5 में, उप नियम (4) में, "सीमा शुल्क आयुक्त" शब्दों के लिए "उप सीमा शुल्क आयुक्त अथवा सहायक सीमा शुल्क आयुक्त जैसा भी मामला हो" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएं ;

(ग) नियम 9 में, उप-नियम (1) में:-

(i) खंड (क) में, "अथवा लेन-देन मूल्य पर, जो भी अधिक हो" शब्द हटा दिए जाएं ;

(ii) खंड (ग) के लिए, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :-

"(ग) मूल्यह्रास की सरल पद्धति में नीचे विनिर्दिष्ट तरीके से अनुमति दी जाए; अर्थात्:-

(i) कम्प्यूटर और कम्प्यूटर के बाह्य सामान के लिए -

पहले वर्ष में प्रत्येक तिमाही हेतु @ 10%
दूसरे वर्ष में प्रत्येक तिमाही हेतु @8%
तीसरे वर्ष में प्रत्येक तिमाही हेतु@5%
चौथे एवं पांचवे वर्ष में प्रत्येक तिमाही हेतु@1%

(ii) कम्प्यूटर और कम्प्यूटर के बाह्य सामान के अलावा पूंजीगत माल के लिए -

पहले वर्ष में प्रत्येक तिमाही के लिए @4%
दूसरे वर्ष में प्रत्येक तिमाही के लिए @3%
तीसरे वर्ष में प्रत्येक तिमाही के लिए @3%
चौथे एवं पांचवे वर्ष में प्रत्येक तिमाही के लिए @2.5%
और उसके पश्चात् प्रत्येक तिमाही के लिए @2%

व्याख्या: किसी तिमाही के किसी हिस्से के लिए मूल्यहास की दर परिकलित करने के प्रयोजनार्थ पूरी तिमाही की गणना की जाए ; तथा;"

(घ) नियम 11 के लिए निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :-

"11. माल को विशेष आर्थिक जोन इकाई से निर्यातोन्मुखी उपक्रम अथवा सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई अथवा इलैक्ट्रानिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई अथवा उसी अथवा अन्य विशेष आर्थिक जोन में अन्य विशेष आर्थिक इकाई में हटाया जाना,

(1) सहायक सीमा शुल्क आयुक्त अथवा सीमा शुल्क उपायुक्त, जैसा भी मामला हो, की पुर्वानुमति से माल को प्राप्तकर्त्ता निर्यातोन्मुखी उपक्रम अथवा सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई अथवा इलैक्ट्रोनिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई अथवा विशेष आर्थिक जोन इकाई, जैसा भी मामला हो, के भीतर प्राधिकृत संकार्य करने के प्रयोजनार्थ शुल्क की अदायगी किए बिना विशेष आर्थिक जोन इकाई से हटा कर निर्यातोन्मुखी उपक्रम अथवा सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई अथवा इलैक्ट्रोनिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई अथवा उसी विशेष आर्थिक जोन अथवा अन्य विशेष आर्थिक जोन में अन्य विशेष आर्थिक जोन इकाई में लाने की अनुमति दी जा सकती है :

आगे बशर्ते यह कि यदि किसी घरेलू टैरिफ क्षेत्र से विशेष आर्थिक जोन इकाई में प्रवेश किए गए माल, जिस पर शुल्क छूट पा ,क योजना अथवा शुल्क प्रतिअदायगी का लाभ उठाया गया है, को इस प्रकार अथवा ऐसी प्रक्रिया के अध्यधीन जो कि विनिर्माण नहीं है, निर्यातोन्मुखी उपक्रम अथवा सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई अथवा इलैक्ट्रोनिक ह ।यर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई में सीधे ही विशेष आर्थिक जोन इकाई द्वारा अथवा उसी विशेष आर्थिक जोन अथवा अन्य विशेष आर्थिक जोन में किसी इकाई के जरिए हटाया जाता है तो शुल्क छूट पास बुक योजना अथवा शुल्क प्रतिअदायगी के अंतर्गत उठाए गए लाभ के बराबर शुल्क अदा करना होगा ।

(2) किसी विशेष आर्थिक जोन इकाई द्वारा माल को उसी विशेष आर्थिक जोन के भीतर से अन्य विशेष आर्थिक जोन इकाई को निकासी के मामले में सहायक सीमा शुल्क आयुक्त अथवा सीमा शुल्क उपायुक्त की पूर्व अनुमति अपेक्षित नहीं होगी, लेकिन आपूर्तिकर्त्ता और प्राप्तकर्त्ता विशेष आर्थिक जोन इकाइयों द्वारा ऐसे लेनदेन का रिकार्ड रखना आवश्यक होगा ।

(ड.) नियम 12 में, उप-नियम (1) में, खंड (i) के ेिए निम्नलिखित खंड को प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"(i) घरेलू टैरिफ क्षेत्र, से खरीदे गए माल को नष्ट करने के मामले में विशेष आ जोन इकाई को घरेलू टैरिफ क्षेत्र इकाई से दावाकृत हित के आधार पर घरेलू टैरिफ की आपूर्तिकर्त्ता इकाई द्वारा उठाए गए अथवा विशेष आर्थिक जोन इकाई द्वारा उठाए गए निर्यात लाभों को वापस करना अपेक्षित होगा;

बशर्ते कि जहां विशेष आर्थिक जोन इकाई द्वारा ऐसा माल विदेशी मुद्रा देकर प्राप्त किया जाता है, विशेष आर्थिक जोन इकाई को ऐसे माल के नष्ट करने के मामले में, घरेलू टैरिफ क्षेत्र इकाई से बेदावे के आधार पर घरेलू टैरिफ इकाई जिससे ऐसा माल खरीदा गया है अथवा विशेष आर्थिक जोन इकाई द्वारा लिए गए निर्यात लाभों वापस अदा करना अपेक्षित नहीं होगा ;तथा;"

(च) नियम 14 के लिए, निम्नलिखित को प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"14. विवरणियों की प्रस्तुति- प्रत्येक विशेष आर्थिक जोन इकाई तिमाही और वार्षिक विवरणी की एक प्रति पृष्ठांकित करेंगे जो कि वह विकास आयुक्त को अथवा सहायक सीमा शुल्क आयुक्त अथवा उप सीमा शुल्क आयुक्त को जैसा भी मामला हो,वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में भारत सरकार के विदेश व्यापार महानिदेशक द्वारा सार्वजनिक सूचना सं. 1(आर ई-2003)/2002-07, दिनांक 31 मार्च, 2003 के तहत अधिसूचित प्रक्रियाओं की हस्तपुस्तिका, (खण्ड-I) के परिशिष्ट 141 एफ में इस प्रयोजनार्थ यथाविनिर्दिष्ट फॉर्मेट में प्रस्तुत करते हैं,

(छ) नियम 18 में "सीमा शुल्क आयुक्त" शब्दों के लिए "उप सीमा शुल्क आयुक्त अथवा सहायक सीमा शुल्क आयुक्त, जैसा भी मामला हो" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे ;

(ज) नियम 19 के लिए निम्नलिखित नियम को प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"19. मॉनीटरिंग-विशेष आर्थिक जोन इकाई और संबंधित विशेष आर्थिक जोन विकासक के कार्य निष्पादन को इकाई अनुमोदन समिति द्वारा मॉनीटर किया जाएगा जिसमें संबंधित विशेष आर्थिक जोन के ऊपर क्षेत्राधिकार रखने वाला सीमा शुल्क आयुक्त अथवा उसका नामिती सदस्य होगा ";

(ज) नियम 20 में,खंड (क) में,

(i) "या तो निर्यात किया जाएगा अथवा " शब्दों के लिए " या तो निर्यात किया जाएगा अथवा शुल्क की अदायगी किए बिना अन्य विशेष आर्थिक जोन में किसी अन्य विशेष आर्थिक जोन इकाई अथवा इलैक्ट्रोनिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क अथवा सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क में निर्यातोन्मुखी उपक्रम अथवा इकाई को स्थानांतरित किया जाएगा " शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे ।

(ii) परंतुक के पश्चात, निम्नलिखित परंतुक अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :

" आगे बशर्ते यह कि यदि घरेलू टैरिफ क्षेत्र से विशेष आर्थिक जोन इकाई में प्रवेश किए गए माल, जिस पर शुल्क छूट पास बुक योजना अथवा शुल्क प्रतिअदायगी का लाभ उठाया गया है, को इस प्रकार अथवा ऐसी प्रक्रिया के अध्यधीन जो कि विनिर्माण नहीं है, निर्यातोन्मुखी उपक्रम अथवा सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई अथवा इलैक्ट्रोनिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई में सीधे ही विशेष आर्थिक जोन इकाई द्वारा अथवा उसी विशेष आर्थिक जोन अथवा अन्य विशेष आर्थिक जोन में किसी इकाई के जरिए हटाया जाता है तो शुल्क छूट पास बुक योजना अथवा शुल्क प्रतिअदायगी के अंतर्गत उठाए गए लाभ के बराबर शुल्क अदा करना होगा ।"

[फा. सं. 314/24/2001-एफटीटी(भाग-IV)]

वी. केजो, अवर सचिव

टिप्पणी:— मूल अधिसूचना सं. 52/2003-सीमा शुल्क (गै.टै.) दिनांक 22 जुलाई, 2003, भारत के राजपत्र, असाधारण,भाग-II,खंड-3,उप-खंड (i) में सा.का.नि.570 (अ), दिनांक 22 जलाई, 2003 के तहत प्रकाशित की गई थी और अंतिम बार इसका संशोधन अधिसूचना सं. 58/2004-सीमा शुल्क (गै.टै.) दिनांक 30 अप्रैल, 2004 {सा.का.नि.294(अ) दिनांक 30 अप्रैल,2004} द्वारा किया गया था।

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

NOTIFICATION

New Delhi, the 11th May, 2004

No. 61/2004-CUSTOMS (N.T.)

G.S.R. 305(E).—**In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 156 read with Chapter XA of the Customs Act, 1962 (52 of 1962), the Central Government, hereby makes the following rules further to amend the Special Economic Zones Rules, 2003, namely:-**

1. (1) **These rules may be called the Special Economic Zones (Fourth Amendment) Rules, 2004.**

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Special Economic Zones Rules, 2003,-

(A) in rule 2,-

(i) in clause (c) , for the words "permitted by the Commissioner of Customs ", the words, brackets, letter and figures "approved by the Board of Approvals as defined in clause (c) of regulation 2 of the Special Economic Zones (Customs Procedures) Regulations,2003 " shall be substituted.

(ii) after clause (i), the following clause shall be inserted, namely:

' (ii) " Unit Approval Committee", in respect of a special economic zone, means a committee set up for the special economic zone as notified in the Official Gazette by the Central Government in the Ministry of Commerce and Industry' ;

(B) in rule 5 , in sub-rule (4) , for the words " Commissioner of Customs", the words " Deputy Commissioner of Customs or Assistant Commissioner of Customs, as the case may be " shall be substituted;

(C) in rule 9, in sub rule (1), -

(i) in clause (a) , the words " or on the transaction value, whichever is higher" shall be omitted ;

(ii)for clause (c), the following clause shall be substituted , namely:-

" (c) the depreciation shall be allowed in straight line method as specified below, namely:-

(i) for computer and computer peripherals:

for every quarter in the first year	@10%
for every quarter in the second year	@8%
for every quarter in the third year	@5%
for every quarter in the fourth and fifth year	@1%

(ii)for capital goods other then computer and computer peripherals:

for every quarter in the first year	@4%
for every quarter in the second year	@3%
for every quarter in the third year	@3%
for every quarter in the fourth and fifth year	@2.5%
and thereafter for every quarter	@2%

Explanation.- For the purpose of computing rate of depreciation for any part of a quarter the full such quarter shall be taken into account; and";

(D) for rule 11, following rule shall be substituted, namely:-

"11. Removal of goods from a special economic zone unit to an export oriented undertaking or software technology park unit or electronic hardware technology park unit or to other special economic unit in the same or other special economic zone.- (1) With the prior permission of the Assistant Commissioner of Customs or Deputy Commissioner of Customs, as the case may be, goods may be allowed to be removed from a special economic zone unit to an export oriented undertaking or software technology park unit or electronic hardware technology park unit or to another special economic zone unit in the same special economic zone or in other special economic zone without payment of duty for the purpose of carrying out authorised operations within the receiving export oriented undertaking or software technology park unit or electronic hardware technology park unit or special economic zone unit, as the case may be:

Provided that in case the goods admitted into special economic zone unit from any domestic tariff area, on which

benefit under duty exemption pass book scheme or duty draw back has been availed, are removed as such or after subjecting them to a process not amounting to manufacture, to an export oriented undertaking or software technology park unit or electronic hardware technology park unit directly by the special economic zone unit or through any unit in the same special economic zone or another special economic zone, the duty equal to benefit availed under duty exemption pass book scheme or duty drawback shall be liable to be paid.

(2) In case of clearance of goods by a special economic zone unit to another special economic zone unit within the same special economic zone, no prior permission of Assistant Commissioner of Customs or Deputy Commissioner of Customs shall be required, but both supplying and receiving special economic zone units shall be required to maintain records for such transaction." ;

(E) in rule 12, in sub- rule (1), for clause (i), the following clause shall be substituted, namely:-

" (i) in case of destruction of goods procured from domestic tariff area, the special economic zone unit shall be required to pay back the export benefits taken by the domestic tariff area supplying unit or taken by the special economic zone unit on the basis of disclaimer from domestic tariff area unit:

Provided that where such goods have been procured by the special economic zone unit against payment of foreign exchange, the special economic zone unit shall not be liable to pay back the export benefits, taken by the domestic tariff unit from which such goods have been procured or, taken by the special economic

zone unit on the basis of disclaimer from such domestic tarifl area unit, in case of destruction of such goods; and " ;

(F)for rule 14, the following shall be substituted namely:

"14.Submission of returns.- Every special economic zone unit shall endorse, a copy of the quarterly and annual return which it furnishes to the Development Commissioner, to the Assistant Commissioner of Customs or Deputy Commissioner of Customs, as the case may be, in a format as specified for such purpose in Appendix 14IF of the Handbook of Procedures(Vol I), notified by the Director General of Foreign Trade, Government of India in the Ministry of Commerce and Industry under Public Notice No.1 (RE-2003)/2002-07, dated the 31st march, 2003

(G) in rule 18 for the words " Commissioner of Customs" the words " Deputy Commissioner of Customs or Assistant Commissioner of Customs, as the case may be," shall be substituted;

(H) for rule 19 the following rule shall be substituted , namely:-

" 19. Monitoring.- The performance of a special economic zone unit and a developer of the concerned special economic zone shall be monitored by the Unit Approval Committee in which the Commissioner of Customs having jurisdiction over concerned special economic zone or his nominee shall be a member";

(I) in rule 20, in clause (a),

(i) for the words " either exported or" the words " either exported or shall be transferred to another special economic zone unit in other special economic zone or to export oriented undertaking or unit in electronic hardware technology park or software technology park with out payment of duty or" shall be substituted ;

(ii) after the proviso, the following proviso shall be inserted, namely:-

" Provided further that in case [redacted] zone unit from domestic tariff area, on which benefit under duty exemption pass book scheme or duty draw back has been availed, are removed as such or after subjecting them to a process not amounting to manufacture, to an export oriented undertaking or software technology park unit or electronic hardware technology park unit directly by the special economic zone unit or through any unit in the same special economic zone or another special economic zone, the duty equal to benefit availed under duty exemption pass book scheme or duty drawback shall be liable to be paid."

[F. No. 314/24/2001-FTT(Pt.-IV)]
V. KEZO, Under Secy.

Note : The principal notification No. 52/2003-Customs (N.T.), dated the 22nd July, 2003, was published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, Sub-section (i) with G.S.R 570 (E), dated the 22nd July, 2003 and was last amended by notification No 58/2004-CUSTOMS (N.T.), dated the 30th April, 2004 [G.S.R 294(E), dated the 30th April, 2004].

अधिसूचना

नई दिल्ली, 11 मई, 2004

सं. 62/2004-सीमा शुल्क (गै. टै.)

सा.का.नि. 306(अ).—सीमा शुल्क अधिनियम 1962(1962 का 52) की धारा 76 ग की उप-धारा (2) के साथ पठित धारा 157 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए बोर्ड एतद्द्वारा विशेष आर्थिक जोन (सीमा शुल्क प्रक्रिया) विनियम, 2003 में और संशोधित करके निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :-

1. (1) इन विनियमों को विशेष आर्थिक जोन (सीमा शुल्क प्रक्रिया) (चौथा संशोधन) विनियम, 2004 कहा जाए ।

(2) ये सरकारी राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे ।

1505GI/04—2

2. विशेष आर्थिक जोन (सीमा शुल्क प्रक्रिया) विनियम, 2003 में,-

(क) विनियम 2 में,-

(i) खण्ड (च) में "सीमा शुल्क आयुक्त द्वारा अनुमति दिए गए " शब्दों के स्थान पर "अनुमोदन बोर्ड द्वारा अनुमोदित" शब्द प्रतिस्थापित किए जायेंगें ;

(ii) खण्ड (ढ) के बाद निम्नलिखित खण्ड जोड़ा जायेगा, अर्थात् :-
'(ढढ) "विशेष आर्थिक जोन के संबंध में यूनिट अनुमोदन समिति" का आशय केन्द्र सरकार, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा सरकारी राजपत्र में यथा-अधिसूचित विशेष आर्थिक जोन के लिए स्थापित समिति से है' ;

(ख) विनियम 3 में, उपविनियम (3) के लिए निम्नलिखित उपविनियम प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :-

"(3) प्रत्येक जोन यूनिट का अन्य जोन यूनिट से भिन्न और पहचानयोग्य अथवा भिन्न और अलग-अलग स्थापन होगा ";

(ग) विनियम 10 में निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :-
"10.घरेलू टैरिफ क्षेत्र से विशेष आर्थिक जोन यूनिट द्वारा माल का प्रापण:-

(1) जोन यूनिट अथवा विकासक, जैसी भी स्थिति हो, घरेलू टैरिफ क्षेत्र से प्राधिकृत संकार्य के लिए किसी माल का प्रापण कर सकता है, बशर्ते निम्नलिखित शर्तें पूरी की जाएं, अर्थात् :-

(i) जोन यूनिट को माल की आपूर्ति करने वाले घरेलू टैरिफ क्षेत्र यूनिट द्वारा, अथवा उस घरेलू टैरिफ क्षेत्र यूनिट की ओर से जोन यूनिट या विकासक द्वारा, जैसी भी स्थिति हो, एक निर्यात पत्र दायर किया जाए, जिसमें माल का पूरा ब्यौरा, मॉडल, बनावट, नमूना और प्रकृति जैसे कि पूंजीगत माल, कच्चा माल, अतिरिक्त माल, उपभोग्य माल बताते हुए उस पर "विशेष आर्थिक जोन कार्गो" की मुहर का पृष्ठांकन किया जाए और उसके साथ जोन में निर्यात पत्र की नोटिंग और मूल्यांकन के लिए बीजक, पैकिंग सूची तथा खरीद आदेश भी संलग्न किया जाए;

(ii) निर्यात पत्र का जोन के सीमा शुल्क अधिकारी द्वारा मूल्यांकन किया जाए;

(iii) उस घरेलू टैरिफ क्षेत्र यूनिट पर क्षेत्राधिकार रखने वाले समुचित अधिकारी के पास मूल्यांकित निर्यात पत्र जमा किया जाए और उसे ही जोन को माल हस्तांतरित करने के लिए अनुमति मानी जाए;

(iv) जोन इकाई अथवा विकासक,जैसा भी मामला हो, को माल की आपूर्ति कर रही घरेलू टैरिफ क्षेत्र इकाई को ए आर इ-1 के कवर पर और निर्यात के निर्धारित बिल

पर माल को हटाने की अनुमति दी जाए जिसमें उनके द्वारा पूर्ण ब्यौरा, मॉडल,बनावट,क्रम संख्या,नमूना और अन्य संगत ब्यौरे दिए गए हों;

(v) जोन में इस प्रकार लाए गए माल को निर्यात के निर्धारित बिल और ए आर इ-I की एक प्रति के आधार पर जोन में प्रवेश की अनुमति दी जाए, इस पृष्ठांकन के साथ कि माल को पूरी तरह से जोन में प्रविष्ट करा दिया गया है और उसे घरेलू टैरिफ क्षेत्र इकाई पर क्षेत्राधिकार रखने वाले केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधीक्षक को पैंतालीस दिनों के भीतर प्रेषित किया जाए, जिसे न करने पर अधीक्षक घरेलू टैरिफ क्षेत्र इकाई के खिलाफ शुल्क की मांग करें;

(vi) जहां घरेलू टैरिफ क्षेत्र इकाई अथवा जोन इकाई को ऐसे घरेलू टैरिफ क्षेत्र इकाई की ओर से शुल्क प्रतिअदायगी के दावे अथवा शुल्क हकदारी पासबुक योजना के अंतर्गत निर्यात का बिल दायर किया है और घरेलू टैरिफ क्षेत्र इकाई शुल्क प्रतिअदायगी अथवा शुल्क हकदारी पासबुक योजना क्रेडिट का दावा करने का इरादा नहीं रखती है, इस आशय का एक अस्वीकरण घरेलू टैरिफ क्षेत्र इकाई को दिया जाए ओर घरेलू टैरिफ क्षेत्र इकाई द्वारा दिए गए अस्वीकरण के आधार पर जोन इकाई द्वारा शुल्क प्रतिअदायगी अथवा शुल्क हकदारी पासबुक योजना क्रेडिट का दावा किया जा सकता है;

(vii) जोन में समुचित अधिकारी उसी तरह से निर्यात बिल का निर्धारण करें जैसा कि शुल्क प्रतिअदायगी के दावे अथवा शुल्क हकदारी पास बुक योजना क्रेडिट अथ अदावा, जैसा भी मामला हो, के अंतर्गत माल के निर्यात के मामले में इसका निर्धार किया जाता है और संबंधित निर्यात संवर्द्धन योजना के अंतर्गत जारी निर्देश आवश्यक परिवर्तनों सहित ऐसे माल का मूल्यांकन अधिनियम की धारा 14 के अनुसार किया जाए;

(viii) जोन में ऐसे माल के प्रवेश की अनुमति से पहले, जोन के सीमा शुल्क अधिकारी द्वारा ए आर इ-I और निर्यात बिल, बीजक और पैकिंग सूची में दिए गए ब्यौरे, मात्रा निशान, मॉडल आदि के संबंध में और निर्यात माल के संबंध में बनाए गए परीक्षण मानदण्डों और इस संबंध में बोर्ड द्वारा समय-समय पर जारी अनुदेशों के आधार पर भी माल की जांच की जाए ;

(ix) घरेलू टैरिफ क्षेत्र यूनिट द्वारा जोन यूनिट अथवा विकासक को शुल्क प्रति-अदायगी अथवा शुल्क हकदारी पासबुक स्कीम क्रेडिट के विरुद्ध ऐसी वस्तुओं की आपूर्ति तभी ग्राह्य होगी जब जोन यूनिट को ऐसी माल की आपूर्ति मुक्त रुप से परिवर्तनीय विदेशी मुद्रा में प्राप्त की जाती है;

(x) निर्यात बिल और इस संबंध में ए आर इ-I की जोन सीमा शुल्क प्राधिकारियों के पृष्ठांकन की एक प्रति कि जोन में माल पूरी तरह प्राप्त हो चुका है, को निर्यात का प्रमाण समझा जायेगा ;

(xi) जहाँ माल को जोन यूनिट अथवा विकासक द्वारा किसी व्यापारी अथवा मर्चेन्ट निर्यातक से खरीदे जाने का इरादा है, वहां ऊपर उल्लिखित प्रक्रिया निर्यात बिल

दायर करने सहित यथा परिवर्तन लागू होगी, इस बात को छोड़कर कि ए आर इ-I कवर के अंतर्गत माल को जोन में लाया जाना अपेक्षित नहीं होगा अथवा मर्चेन्ट निर्यातक के परिसरों से माल को हटाने के लिए निर्यात बिल की निर्धारित प्रति अधिकार क्षेत्र वाले केन्द्रीय उत्पाद प्राधिकारी को प्रस्तुत करनी अपेक्षित नहीं होगी ।

(2) उपविनियम (1) में किसी बात के होते हुए भी जहाँ किसी जोन यूनिट अथवा विकासक माल को घरेलू टैरिफ यूनिट क्षेत्र से प्रापण किया जाता है और जहाँ या तो माल की सप्लाई करने वाली जोन यूनिट अथवा घरेलू टैरिफ क्षेत्र यूनिट शुल्क प्रति-अदायगी अथवा शुल्क हकदारी पास बुक स्कीम क्रेडिट का दावा नहीं करती है अथवा जहाँ घरेलू टैरिफ क्षेत्र यूनिट से जोन यूनिट अथवा विकासक, जैसा भी मामला हो, को ऐसी आपूर्ति किसी निर्यात संबर्द्धन स्कीम के अंतर्गत निर्यात दायित्व को पूरा करने के विरुद्ध नहीं हो अथवा ऐसी आपूर्ति के विरुद्ध या तो माल की आपूर्ति करने वाली घरेलू यूनिट अथवा जोन यूनिट अथवा विकासक,जैसा भी मामला हो, किसी निर्यात लाभों का दावा नहीं करती हों तो जोन यूनिट अथवा विकासक निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन प्राधिकृत कार्य करने के लिए घरेलू टैरिफ क्षेत्र से किसी ऐसे माल को प्रापण कर सकते हैं; अर्थात् :-

(i) जोन यूनिट अथवा विकासक के पूर्व-प्राधिकृत घरेलू प्रापण प्रमाणपत्रों को जारी करने के लिए जोन के सक्षम अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत करेगा और ऐसे आवेदन के आधार पर जोन के सक्षम अधिकारी अथवा इस संबंध में उसके द्वारा प्राधिकृत अन्य किसी अधिकारी इन विविनियमों के अनुबंध में विनिर्दिष्ट प्रारुप में जोन यूनिट अथवा विकासक जैसा भी मामला हो, को पूर्व अधिकृत घरेलू प्रापण प्रमाणपत्र जारी करेंगे;

(ii) अधीक्षक केन्द्रीय उत्पाद शुल्क घरेलू टैरिफ क्षेत्र यूनिट पर अधिकार क्षेत्र रखते हैं,खण्ड (1) के अंतर्गत जारी घरेलू अधिप्राप्ति प्रमाणपत्र के आधार पर ए आर इ-I के अंतर्गत माल को हटाने के लिए घरेलू टैरिफ क्षेत्र यूनिट को अनुमति देगे ;

(iii) ए आर इ-I में मॉडल, आकृति, क्रम संख्या, तकनीकी विशेषताएं जैसे माल का सम्पूर्ण विवरण निहित होगा;

(iv) खण्ड (ii) के अंतर्गत हटाये जाने वाले माल को ए आर इ-I के आधार पर जोन में प्रवेश की दी जा सकती है और इस पृष्ठांकन के साथ कि माल जोन में पूर्णतया प्रवेश किया गया है,ए आर ई-I की एक प्रति केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधीक्षक जो घरेलू टैरिफ क्षेत्र यूनिट पर अधिकार क्षेत्र रखते हैं, को फैक्टरी अथवा भण्डरागृह से घरेलू टैरिफ क्षेत्र में माल को हटाने की तारीख से पैंतालीस दिन की अवधि के भीतर भेजी जाये, ऐसा न करने पर जोन यूनिट के प्रभारी सक्षम अधिकारी ऐसे घरेलू टैरिफ क्षेत्र यूनिट के विरुद्ध शुल्क की माँग कर सकते हैं;

(v) जोन में ऐसे माल को प्रवेश की अनुमति देने से पहले माल की ए आर इ-I और बीजक तथा पैकिंग सूची में दिए गए विवरण, मात्रा, आकृति,मॉडल और अन्य संगत

ब्यौरे और बीजक तथा पैकिंग सूची और निर्यात माल के संबंध में विहित जाँच मानदण्डों के अनुसार और इस संबंध में समय-समय पर बोर्ड द्वारा जारी अनुदेश के संबंध में जोन के सक्षम अधिकारी द्वारा प्राधिकृत सीमा शुल्क किसी अधिकारी जाँच पड़ताल की जायेगी;

(3) उप विनियम (1) और (2) में किसी बात के न होने की बात उन मामलों पर लागू होगी जहाँ शुल्क संदत माल घरेलू टैरिफ से अधिप्राप्त किया जाता है और घरेलू आपूर्तिकर्ता अथवा विशेष आर्थिक जोन द्वारा की गई आपूर्ति के लिए विरुद्ध कोई शुल्क रियायत अथवा निर्यात प्रोत्साहनों का दावा नहीं किया जा रहा है और ऐसे माल को माल में आपूर्तिकर्ता द्वारा जारी बीजक और परिवहन दस्तावेज, यदि कोई हो, के आधार पर जोन में प्रवेश की अनुमति होगी;

स्पष्टीकरण-1:- इस विनियम के प्रयोजनार्थ "निर्यात प्रोत्साहनों" में प्रति अदायगी, शुल्क हकदारी पासबुक स्कीम, रिबेट, अग्रिम लाइसेंस अथवा निर्यात कमाई के रुप में आगमों की गणना अथवा किसी स्कीम के अंतर्गत निर्यात देयता को पूरा करने के रुप में आगमों की गणना शामिल हैं।

स्पष्टीकरण-2:- इस विनियम के प्रयोजनार्थ "ए आर ई-1" का आशय दिनांक 26 जून, 2001 की अधिसूचना सं. 40/2001 केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (गै.टै.) में उल्लिखित प्रारुप ए आर इ-1 से हैं।

(घ) विनियम 12 में "माल अर्थात पूंजीगत माल अथवा विनिर्मित माल" शब्दों के स्थान पर" पूंजीगत माल अथवा विनिर्मित माल सहित माल" शब्द प्रतिस्थापित किए जायेंगे;

(ड.) विनियम 15 के उपविनियम (1) खण्ड (i) में "बैंक द्वारा विधिवत प्रमाणित अग्रिम प्रेषण प्रमाणपत्र के साथ" शब्दों को हटाया जायेगा;

(च) विनियम 20 में "इस शर्त के अधीन कि ऐसी जवाहिरात के आदान प्रदान के विरुद्ध किसी अवशिष्ट अथवा विनिर्माण क्षति की अनुमति नहीं होगी" शब्दों को हटाया जायेगा;

(छ) विनियम 21 के लिए निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किया जायेगा; अर्थात् :

"21.किसी जोन यूनिट से किसी निर्यातोन्मुखी उपक्रम अथवा साफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क यूनिट अथवा इलेक्ट्रानिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क यूनिट में माल को हटाना;

(1) समुचित अधिकारी किसी जोन इकाई को पूंजीगत माल अथवा जोन इकाई द्वारा उत्पादित अथवा विनिर्मित माल की किसी निर्यातोन्मुखी उपक्रम अथवा सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई या इलेक्ट्रानिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क यूनिट, जैसा भी मामला हो, में विनिर्माण और निर्यात के उद्देश्य के लिए शुल्क का भुगतान किए बिना अथवा निर्यात के लिए अथवा निम्नलिखित शर्तें पूरी करने पर इकाई के अंदर उपयोग के लिए हस्तान्तरण की अनुमति दे सकता है अर्थात् :-

(i) प्राप्तकर्ता निर्यातोन्मुख उपक्रम अथवा सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई या इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी इकाई, जैसा भी मामला हो, के समुचित प्रभारी

अधिकारी द्वारा जारी किए गए प्रापण प्रमाण-पत्र के विरुद्ध जोन इकाइ इस प्रकार का हस्तान्तरण करेगी ;

(ii) वेयर हाउसिंग का प्रविष्टि बिल प्राप्तकर्ता निर्यातोन्मुखी इकाई अथवा सॉफ्टेवयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई या इलैक्ट्रॉनिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क यूनिट, जैसा भी मामला हो की ओर से निर्यातोन्मुख इकाई अथवा सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई या इलैक्ट्रॉनिक हार्डवेयर पार्क इकाई अथवा आपूर्तिकर्ता विशेष आर्थिक जोन इकाई द्वारा जोन के प्रौद्योगिकी सक्षम अधिकारी द्वारा इसके लिए प्राधिकृत सीमा शुल्क अधिकारी के पास दायर किया जाएगा ;

(iii) निर्यातोन्मुख उपक्रम अथवा सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क यूनिट या इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई निकासी की तारीख से पैंतालीस दिनों की अवधि के अंदर प्राप्तकर्ता निर्यातोन्मुख उपक्रम अथवा सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क या इलैक्ट्रोनिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क यूनिट पर अधिकार रखने वाले सक्षम अधिकारी द्वारा इसके लिए प्राधिकृत सीमा शुल्क अधिकारी विधिवत हस्ताक्षरित रि-वेयरहाउसिंग प्रमाण-पत्र जोन के सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा ;

(iv) जहां पर निर्यातोन्मुख उपक्रम अथवा सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई या इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई माल की निकासी के दिन से पैंतालीस दिनों की अवधि के अंदर रि-वेयरहाउसिंग प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में असफल रहते हैं तो संबंद्ध जोन के सीमा शुल्क अधिकारी ऐसे निर्यातोन्मुख उपक्रम, सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई अथवा इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई, जैसा भी मामला हो, प्राप्तकर्ता इकाई पर अधिकार क्षेत्र रखने वाले सक्षम अधिकारिक अधिकारी के साथ मामला उठाएगें ;

(v) उस मामले में जहाँ माल जिस पर शुल्क छूट पास बुक स्कीम अथवा शुल्क प्रति-अदायगी के अंतर्गत लाभ उठाया गया है, का घरेलू टैरिफ क्षेत्र से जोन यूनिट में प्रवेश हुआ है, को हटाया गया हो क्योंकि ऐसे अथवा उस प्रक्रिया जो विनिर्माण नहीं कहलायेगी को पूरा करने के बाद जोन यूनिट अथवा उसी जोन अथवा दूसरे जोन की किसी यूनिट के माध्यम से प्रत्यक्षत: किसी निर्यातोन्मुख उपक्रम अथवा साफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क यूनिट अथवा इलेक्ट्रानिक हार्डवेयर प्रोद्योगिकी पार्क यूनिट के लिए हटाया गया है, को शुल्क छूट पास बुक स्कीम अथवा शुल्क प्रति-अदायगी के अंतर्गत उठाये गये लाभ के बराबर शुल्क देना होगा।"

(ज) विनियम 22 में,-

(i) उपविनियम (4) में "खण्ड (4)"शब्द, कोष्ठक और संख्या के स्थान पर " उपविनियम (3)" शब्द कोष्ठक और संख्या प्रति स्थापित की जायेगी;

(ii) उपविनियम (6) के लिए निम्नलिखित उपविनियम प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात:-

"(6) जहाँ जोन यूनिट द्वारा घरेलू टैरिफ क्षेत्र से ऐसे खरीदे गये माल को समुचित प्रक्रिया से अथवा उसके बिना वापस घरेलू टैरिफ क्षेत्र को भेजा जाता है, ऐसे माल को पुन: आयातित माल माना जायेगा और भारत से बाहर से सामान्यतया पुन: आपातित माल के मामले में यथा लागू ऐसी प्रक्रिया और शर्तों के अधीन होगा;

परन्तु उन मामलों में जहां जोन खरीदे गये ऐसे माल को घरेलू टैरिफ क्षेत्र को वापस आपूर्ति की जाती है क्योंकि वहाँ ऐसे माल पर शुल्क "शून्य" है और ऐसे माल की अधिप्राप्ति के समय ऐसे माल के विरुद्ध कोई निर्यात लाभ की अनुमति नहीं दी गई थी, जोन यूनिट को बीजक के ही आधार पर घरेलू टैरिफ क्षेत्र को ऐसे माल की वापस आपूर्ति की अनुमति दी जा सकती है और ऐसे मामलों में प्रविष्टि बिल दायर करना अपेक्षित नहीं होगा ।

स्पष्टीकरण:- इस विनियम के प्रयोजनार्थ निर्यात लाभों में प्रति-अदायगी,शुल्क हकदारी पास बुक स्कीम, रिबेट,अग्रिम लाइसेंस अथवा निर्यात कमाई के रुप में आगमों की गणना अथवा किसी स्कीम के अंतर्गत निर्यात दायित्व को पूरा करने के लिए आगमों की गणना शामिल हैं";

(झ) विनियम 24 में, उप-विनियम (5) के लिए निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"(5)"ऐसी शर्त के अध्यधीन जैसा कि जोन के समुचित अधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए और ऐसी प्रक्रिया के अध्यधीन जो कि समय-समय पर जोन के समुचित अधिकारी द्वारा निर्धारित की जाए, जोन इकाई को शुल्क की अदायगी किए बिना घरेलू टैरिफ क्षेत्र में विनिर्मित अथवा उत्पादित माल की सीमित मात्रा को प्रदर्शनी, बाजार संवर्द्धन, निर्यात संवर्द्धन, प्रदर्शनी के प्रयोजनों के लिए और जोन के ऐसे समुचित अधिकारी द्वारा यथाविनिर्दिष्ट समयावधि के भीतर उसे वापस करने की अनुमति दी जानी चाहिए;

बशर्ते कि यदि जोन इकाई उचित अधिकारी द्वारा इस संबध में यथानिर्धारित अवधि के भीतर जोन में माल को वापस लाने में असमर्थ रहती है तो जोन इकाई अधिनियम की धारा 76 एफ के खंड (ख) के उपबंधों के अंतर्गत ऐसे माल पर लागू शुल्क अदा करेगी ";

(ञ) विनियम 25 में,-

(क) उप-नियम (1) में,-

(i) खंड (iii) में "पर्याप्त" शब्द के लिए "सम्पूर्ण " शब्द प्रतिस्थापित किया जाए;

(ii) खंड (vii) में, परंतुक के लिए निम्नलिखित परंतुक प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात्:-

"बशर्ते कि ऐसी स्टेटस होल्डर जोन इकाई जिसका साफ-सुथरा ट्रैक रिकार्ड हो अथवा कोई इकाई जो कि कम से कम पिछले 2 वर्षों की अवधि के लिए सीमा शुल्क प्राधिकारियों को प्रतिकूल नोटिस में न आई हो, ऐसी किसी बैंक गारंटी की आवश्यकता नहीं होगी "

(iii) खण्ड (viii) में दूसरे परन्तुक के लिए निम्नलिखित परन्तुक अन्त: स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:

"बशर्ते आगे यह कि कि ऐसी स्टेटस होल्डर इकाई जिसका साफ-सुथरा ट्रैक रिकार्ड हो अथवा कोई इकाई जो कि कम से कम पिछले 2 वर्षों की अवधि के लिए

सीम शुल्क प्राधिकारियों की प्रतिकूल नोटिस में न आई हो की, ऐसी कोई बैंक गारंटी प्रस्तुत नहीं करनी होगी ;"

(ख) उप-विनियम (2) में, खण्ड (iii) के लिए निम्नलिखित खंड प्रतिस्थापित किया जाएगा; अर्थात्;

(iii) उत्पादन को उप-ठेके की सुविधा की अनुमति इस शर्त के अध्यधीन दी जाएगी कि उत्पाद को जोन में जोन इकाई द्वारा भी विनिर्मित किया जा रहा हो";

(ग) उप विनियम (3) के लिए निम्नलिखित उप विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा;अर्थात्;

"(3) उचित अधिकारी की अनुमति के अध्यधीन जोन इकाई को शुल्क की अदायगी किए बिना घरेलू टैरिफ क्षेत्र में उजरती कामगारों के परिसरों में मोल्ड्स,जिग्स,टूल,फिक्सचर्स,टैकल्स,इन्स्टूमेंट्स,हैंगर्स,पैटर्न्स और ड्राइंग्स को हटाने की अनुमति दी जाएगी और निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन उजरती कामगारों के परिसरों में ऐसे मोल्ड्स,जिग्स,टूल,फिक्सचर्स,टैकल्स,इन्स्टूमेंटस,हैंगर्स,पैटर्न्स और ड्राइंग्स को तब तक रखने की अनुमति दी जाएगी जब तक उजरती कामगार के साथ उप-ठेके की व्यवस्था है, अर्थात्:-

(i) जोन इकाई,उजरती कामगारों की इकाई पर क्षेत्राधिकार रखने वाले केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के आधिकारिक अधीक्षक से प्राप्त तिमाही सत्यापन रिपोर्ट उचित अधिकारी को प्रस्तुत करेगा कि ऐसे मोल्ड्स जिग्स,टूल,फिक्सचर्स,टैकल्स,इन्स्टूमेंट्स,हैंगर्स,पैटर्नस और ड्राइंग्स उजरती कामगारों के परिसरों में पड़े हैं और उनको जोन इकाई की ओर से निर्यात के लिए माल के उत्पादन हेतु प्रयोग किया जा रहा है;

(ii) जोन इकाई ऐसे माल को उजरती कार्य ठेके की समाप्ति पर शीघ्रता से इकाई में वापस लाएगी ; और

(iii) ऐसे मोल्ड्स जिग्स,टूल,फिक्सचर्स,टैकल्स,इन्स्टूमेंट्स,हैंगर्स,पैटर्न्स और ड्राइंग्स को ऐसी निकासी की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर जोन इकाई को वापस किया जाएगा जहाँ उजरती कामगार इकाई केन्द्रीय उत्पाद शुल्क विभाग के साथ पंजीकृत नहीं है";

(घ) उप-नियम(6) के लिए निम्नलिखित उप विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा;अर्थात्:-

"(6) उजरती कामगारों के परिसरों में ऐसी प्रक्रियाओं के दौरान उत्पन्न अपशिष्ट अथवा स्क्रैप अथवा अवशेष को या तो जोन इकाई को वापस किया जाएगा अथवा शुल्क की अदायगी पर इनकी निकासी की जाएगी जैसा कि उपर्युक्त अपशिष्ट अथवा स्क्रैप अथवा अवशेषों की जोन इकाई द्वारा निकासी की गई हो अथवा उन्हें जहां उजरती कामगार उत्पाद शुल्क पंजीकृत है, उजरती कामगारों के परिसरों में नष्ट कर दिया जाए, और ऐसी नष्ट करने की कार्रवाई उजरती कामगारों की इकाई पर क्षेत्राधिकार रखने वाले केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिकारी की देख-रेख में की जाए और ऐसे केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिकारी द्वारा विधिवत रुप से प्रमाणित ऐसे नष्ट करने की कार्रवाई के सबूत को जोन सीमा शुल्क प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा।"

(ट) विनियम 28 में उप विनियम (2) के लिए निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा; अर्थात्:-

"(2) यदि प्राप्त कोई माल घरेलू टैरिफ क्षेत्र से शुल्क प्रति अदायगी अथवा शुल्क हकदारी पास बुक योजना क्रेडिट अथवा किसी निर्यात संवर्धन योजना के अंतर्गत प्राकृतिक विपदाओं के कारण नष्ट होता है तो जोन इकाई को ऐसे माल पर ली गई शुल्क प्रति अदायगी अथवा शुल्क हकदारी पासबुक योजना क्रेडिट का भुगतान करना होगा ।

बशर्ते यह कि जहां जोन इकाई ने विदेशी मुद्रा की अदायगी पर घरेलू टैरिफ क्षेत्र से माल प्राप्त किया है, जोन इकाई ऐसे माल पर दावा किए गए शुल्क प्रति अदायगी अथवा शुल्क हकदारी पास बुक योजना क्रैडिट अथवा कोई अन्य निर्यात प्रोत्साहन को अदा करने के लिए उत्तरदायी नहीं होगी ।";

(ठ) विनियम 29 में;

(i) उप-विनियम (4) के लिए निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा: अर्थात्:-

"(4) बॉण्ड राशि आयातित और घरेलू पूंजीगत माल पर उद्ग्रहणीय 25 प्रतिशत शुल्क जमा जोन इकाई द्वारा 3 माह के लिए स्टॉक में रखे जाने हेतु कच्ची सामग्रियों पर छोड़े गए शुल्क के बराबर होगी " ;

(ii) उप-विनियम (7) के लिए निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा; अर्थात्:-

"(7) उप-विनियम (5) में कुछ के होते हुए भी, जहाँ जोन इकाई का कारोबार 1 करोड़ रुपए अथवा उससे अधिक का है अथवा जहाँ जोन इकाई साफ-सुथरे ट्रैक रिकार्ड के साथ 3 वर्षों से अधिक की अवधि से मौजूद है, ऐसी इकाई को प्रतिभूति अथवा जमानत प्रस्तुत करना अपेक्षित नहीं होगा ।

(iii) उप-विनियम (9) के लिए, निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा,अर्थात्:-

"(9) बांड एक चालू बांड होगा और जोन इकाई द्वारा आयातित अथवा खरीदे गए माल पर छोड़े गए शुल्क की राशि के बराबर की राशि के लिए डेबिट होगा और तैयार उत्पादों के विनिर्माण में प्रयुक्त कच्ची सामग्रियों पर छोड़े गए शुल्क की राशि के बराबर राशि के लिए क्रेडिट होगा जहां ऐसे विनिर्मित माल का या तो निर्यात किया गया हो अथवा ऐसे आयातित अथवा खरीदे गए माल जब उनका इस प्रकार निर्यात किया गया हो अथवा उसके अंतर्गत बनाए गए अधिनियम अथवा नियमों अथवा उप-विनियमों के उपबंधों के अनुसार शुल्क की अदायगी पर घरेलू टैरिफ क्षेत्र में निकासी की गई हो,और शुल्क की अदायगी पर घरेलू टैरिफ क्षेत्र में निकासी की गई हो । बांड की ऐसी डेबिटिंग और क्रेडिटिंग को प्रत्येक तीन माह के अंत में एक बार किया जाएगा ।

बॉण्ड की ऐसी डैबिटिंग और क्रेडिटिंग प्रत्येक 3 माह के अंत में एक बार की जाएगी ।"

(ड) विनियम 30 के लिए निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :-

"30 कार्य निष्पादन की निगरानी जोन यूनिट के कार्य निष्पादन की जिसमें सीमा शुल्क आयुक्त जिनका जोन क्षेत्राधिकार, यूनिट अनुमोदन समिति द्वारा निगरानी की जायेगी अथवा उसका नामिती सदस्य होगा ।"

(ढ) विनियम 33 के लिए, निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

"33 विकासक द्वारा माल का आयात और खरीद-(1) विकासक को जोन के विकास प्रचालन और रख-रखाव के प्रयोजनार्थ शुल्क की अदायगी किए बिना घरेलू टैरिफ क्षेत्र से माल के आयात और खरीद की अनुमति निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन होगी अर्थात् :-

(i) विकासक के कार्यों को अनुमोदन बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाएगा;

(ii) विकासक किसी सनदी अभियंता के द्वारा विधिवत रुप से प्रमाणित जोन के विकास,प्रचालन और रख-रखाव के लिए अपेक्षित मशीनरी,उपकरण और निर्माण सामग्री की एक सूची प्रस्तुत करेगा;

(iii) विकास अनुमोदन बोर्ड द्वारा यथा अनुमोदित कार्यों के प्रयोजनार्थ शुल्क मुक्त आयात अथवा खरीद के लिए प्रस्तावित माल की सूची के अनुमोदन के लिए खंड (ii) में उल्लिखित चार्टर्ड अभियंता के प्रमाणपत्र सहित संबंधित विकास आयुक्त आवेदन करेगा;

(iv) विकासक संबंधित भूमि के स्वामित्व, उससे संबंधित ऋण भारों का प्रमाण पत्र के सबूत अथवा उस मामले में जहाँ भूमि अपने पक्ष में कम से कम बीस वर्ष की एक अवधि के लिए पट्टे पर अपेक्षित है तो ऐसे पट्टे के सबूत विकास आयुक्त को प्रस्तुत करेगा ;

(v) विकास आयुक्त के अनुमोदन के आधार पर, उचित अधिकारी जिसका जोन पर क्षेत्राधिकार है, विकासक को शुल्क की अदायगी किए बिना माल के आयात अथवा खरीद की अनुमति दे सकता है;

(vi) माल को अधिनियम की धारा 57 अथवा धारा 58 के अंतर्गत सार्वजनिक भाण्डागार अथवा निजी भाण्डागार के रुप में नियुक्त अथवा लाइसेंसशुदा परिसरों में भण्डार किया जायेगा;

(vii) विकासक माल के आयात अथवा खरीद, उपभोग और उपयोग का सही हिसाब रखेगा और जोन पर अधिकार क्षेत्र रखने वाले उचित अधिकारी को ऐसे उचित अधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट किए गए अनुसार तिमाही विवरणी प्रस्तुत करेगा ;

(viii) विकासक जोन पर अधिकार क्षेत्र रखने वाले उचित अधिकारी के पास छः माह की अवधि अथवा ऐसी अवधि जो ऐसे उचित अधिकारी द्वारा बढ़ाई गई हो, के भीतर माल उपयोग के लिए स्वयं को बंधित करते हुए विशेष आर्थिक जोन नियमावली, 2003 में यथा-उपबंधित फार्म-II में एक बंधपत्र का निष्पादन करेगा, और यदि विकासक ऐसा करने में विफल रहता है तो विकासक को माँगने पर उक्त माल पर यथा-उद्ग्रहणीय शुल्क के बराबर धनराशि के साथ-साथ उक्त माल के आयात अथवा खरीद की तारीख से उक्त शुल्क पर पन्द्रह प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज देना होगा ;

(ix) विकासक को उक्त जोन पर अधिकार क्षेत्र रखने वाले उचित अधिकारी की अनुमति और ऐसे माल पर लागू शुल्क के भुगतान को छोड़कर, माल को जोन से हटाने की अनुमति नहीं होगी;

(x) जोन के निर्माण, विकास,प्रचालन,रखरखाव अथवा जोन में सुविधाएं प्रदान करने के लिए अपेक्षित को छोड़कर शुल्क के भुगतान के बिना किसी माल के प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी;

(xi) विकासक चार्टर्ड अभियंता जिसने खंड (ii) के प्रयोजनार्थ प्रमाण पत्र दिया है एक स्वतंत्र चार्टर्ड अभियंता से माल के उपयोग का प्रमाणपत्र जोन पर क्षेत्राधिकार रखने वाले उचित अधिकारी को माल के आयात अथवा खरीद के प्रत्येक छह माह पर प्रस्तुत करेगा ।

(xii) जोन इकाई पर यथा लागू माल के आयात अथवा अधिप्राप्ति की प्रक्रिया जोन के विकासक के मामले में आवश्यक संशोधनों के साथ लागू होगी सिवाय इसके कि विकासक के मामले में, घरेलू टैरिफ से आयातित अथवा अधिप्राप्त माल को जोन के गैर संराधित क्षेत्र में प्राधिकृत संकार्यों के प्रयोजनार्थ हटाने अथवा प्रयुक्त किए जाने की अनुमति दी जाएगी ।

व्याख्या:- इस विनियम के प्रयोजनार्थ, यह स्पष्ट किया जाता है कि इस विनियम के अंतर्गत उचित अधिकारी द्वारा उपयोग के लिए दिया जाने वाला अनुमोदन अथवा अनुमति अथवा उचित अधिकारी द्वारा प्रभारित किए जाने वाले अन्य कार्यों को उप सीमा शुल्क आयुक्त अथवा उप केन्द्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्त अथवा सहायक सीमा शुल्क आयुक्त अथवा सहायक केन्द्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्त जैसा भी मामला हो, जो कि सीमा शुल्क आयुक्त अथवा केन्द्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्त जैसा भी मामला हो, के अंतर्गत तैनात है, जिनका जोन पर केवल उस समय तक जोन पर क्षेत्राधिकार है जब तक नियमित उप सीमा शुल्क आयुक्त अथवा सहायक सीमा शुल्क आयुक्त, जैसा भी मामला हो, को जोन में तैनाती नहीं हो जाती, द्वारा प्रयोग किया जाएगा ।

(ण) निम्नलिखित अनुबंध को अंत में अंत:स्थापित किया जाएगा, नामश:-

अनुबंध-I

घरेलू खरीद प्रमाण पत्र

बंधपत्र के तहत माल की निकासी के लिए प्रमाणपत्र

यह प्रमाणित किया जाता है कि :

(1) श्री/मै.----------(नाम तथा पता) विशेष आर्थिक जोन में स्थित एक वास्तविक इकाई है जिनके पास----------तक वैध अनुमति पत्र सं.----------है।

(2) कि इन्होंने विशेष आर्थिक जोन के सहायक सीमा शुल्क आयुक्त अथवा सीमा शुल्क उपायुक्त के साथ---------- रुपये का बंध पत्र सं.---------- दिनांक निष्पादित किया है और इस प्रकार इन्हें----------(मात्रा) का----------(उत्पाद शुल्केय माल) (कृपया माल का पूर्ण विवरण जैसे मेक, मॉडल नं., क्रम सं. माल का विशेष विवरण का उल्लेख करें)----------(घरेलू टैरिफ क्षेत्र में स्थित आपूर्तिकर्ता इकाई का नाम एवं पता) में स्थित इकाई से----------में स्थित उसी/उनकी इकाई----------को प्राप्त करने की अनुमति दी जा सकती है।

(3) कि उसके/उनके प्राधिकृत एजेन्ट, नामत: श्री----------के विधिवत रुप से सत्यापित नमूना हस्ताक्षर नीचे प्रस्तुत हैं

मालिक अथवा उसके प्राधिकृत
एजेंट के नमूना हस्ताक्षर
सत्यापित हस्ताक्षरित

मुहर सहित
विशेष आर्थिक
जोन के अधीक्षक/
सीमा शुल्क निर्धारक के सत्यापित हस्ताक्षर ।"

[फा. सं. 314/24/2001-एफटीटी(भाग-V)]
वी. केजो, अवर सचिव

टिप्पणी:—मूल अधिसूचना सं. 53/2003-सीमा शुल्क(गै.टै.), दिनांक 22 जुलाई, 2003, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग-II,खंड-3, उप-खंड (i) में सा.का.नि. 571(अ), दिनांक 22 जुलाई 2003 के तहत प्रकाशित की गई थी और अंतिम बार इसका अधिसूचना सं. 59/2004 सीमा शुल्क (गै.टै.) दिनांक 30 अप्रैल, 2004 (सा.का.नि.295(अ), दिनांक 30 अप्रैल, 2004)द्वारा संशोधन किया गया था ।

NOTIFICATION

New Delhi, the 11th May, 2004

No. 62/2004-CUSTOMS (N.T.)

G.S.R. 306(E).— In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 157, read with sub-section (2) of section 76C of the Customs Act, 1962 (52of 1962), the Board hereby makes the following regulations further to amend the Special Economic Zones (Customs Procedures) Regulations, 2003, namely:-

1. (1) These regulations may be called the Special Economic Zones (Customs Procedures) (Fourth Amendment) Regulations, 2004.

(2)They shall come into force on the day of their publication in the Official Gazette.

2. In the Special Economic Zones (Customs Procedures) Regulations, 2003,-

(A) in regulation 2,-

(i) in clause (*f*), for the words " permitted by the Commissioner of Customs" the words " approved by the Board of Approvals" shall be substituted;

(ii) after clause(n), the following clause shall be inserted , namely:-

'(nn) " Unit Approval Committee", in respect of a special economic zone means a committee set up for the special economic zone as notified in the Official Gazette by the Central Government in the Ministry of Commerce and Industry' ;

